# धर्मराज के जाल में फंसे मजलूम

## सूदखोरों पर कार्यवाही न होने से बढ़े हौसले




**बैंकों से ऋण लेने की प्रक्रिया इतनी जटिल है कि मजलूमों को सूदखोरों के आगे अपनी पगड़ी उतारनी पड़ रही है, जो कई गुना ब्याज लेने के साथ किसानों के खेतों पर भी कब्जा कर ले रहे हैं। बीते वर्षो में सूदखोरों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही हुई थी, लेकिन वर्तमान में सूदखोरों के खिलाफ अभियान ठण्डे बस्ते में है, इसके चलते इनका मकड़ज़ाल पूरे जिले में फैला हुआ है।**

हरिभूमि न्यूज,

जिले में अधिकतर लोगों का रोजी-रोटी का साधन खेती किसानी है, समय से खाद, बिजली व पानी नहीं मिल पाने के कारण फसल धोखा दे देती है। सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करने में लोग शादी-विवाह के अवसरों पर सूदखोरों के यहां अपने जेवरात गिरवी रख देते हैं या अधिक ब्याज पर कर्ज ले लेते हैं। इसके बाद साहूकार चक्रवृद्धि ब्याज लगाकर इतना कर्ज लाद देते हैं कि उसे अदा करने में किसानों के खेत तक बिक जाते हैं। सूदखोर पहले से ही ऐसे आसामियों पर निगाह केंद्रित कर लेते हैं। अब तो 'बीसी' या डायरी के नाम पर भी बड़े पैमाने पर खेल किया जा रहा है। शहर में सूदखोरी के कारोबार ने आधुनिक रूप ले लिया है। यहां अब प्रभावशाली और अपाराधिक छवि के लोग डायरी सिस्टम से लोगों को 10 से 20 प्रतिशत की ब्याज दर पर कर्जा दे रहे हैं। फिर हर दिन लोगों से वसूली करते हैं।

### अपराध की तरफ बढ़ रहा शहर

सूदखोरी का कारोबार अवैध तरीके से करना अपराध की श्रेणी में आता है। एक निश्चित ब्याज दर पर रुपए का लेन-देन करने के लिए लाइसेंस की व्यवस्था है, लेकिन संभागीय मुख्यालय के किरण टॉकीज में, सिंधी मोहल्ला, सोहागपुर, घरौला मोहल्ला, पाण्डवनगर सहित अन्य मोहल्लों में बिना लाइसेंस के कई पूंजीपति 10 से 20 और 30 प्रतिशत तक की ब्याज दर पर लोगों को कर्ज बांटते हैं। सूदखोरी के इस कारोबार के कारण ही जुआ और सट्टा जैसे अपराध में लोग लिप्त होकर बर्बाद हो रहे हैं।

### साहूकारी के लिए अनिवार्य है लाइसेंस

साल 2011 में मप्र मंत्रि-परिषद् में मध्यप्रदेश साहूकार अधिनियम, 1934 में संशोधन करने का निर्णय लेते हुए यह फैसला किया गया था कि साहूकारी के लिए लायसेंस लेना अनिवार्य होगा। गैर लायसेंसी साहूकारों द्वारा दिए गए ऋण कानून बनाकर शून्य करने और लायसेंसी साहूकारों द्वारा दिए जाने वाले कृषि ऋण पर ब्याज दर का निर्धारण करने के लिए वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। अधिनियम में संशोधन के साथ ही यह भी तय किया था कि लायसेंसी साहूकार द्वारा दिए गए ऋणों पर दिए जाने वाले ब्याज की दर भी निश्चित हों। इस अधिनियम के लागू हो जाने के 14 साल बाद भी यह प्रभावशील नहीं हो पाया है।

### पैसे के हिसाब से सूद

किरण टॉकीज क्षेत्र में कोयले की कालिख से बनाई गई अकूत दौलत को अब धर्मराज सूद पर लगाने का अवैध कारोबार कर रहे है। लोग कारोबार को बढ़ाने, व्यापार प्रारंभ करने और कभी-कभी घर की जरूरतों को पूरा करने के लिए सूद पर रुपया उधार लेते हैं। एक दिन, एक सप्ताह या एक महीना के लिए कारोबारी लोगों को अधिक ब्याज पर धर्मराज रुपया उधार देते हैं। रकम के हिसाब से भी सूद की दर तय होती है। कम रुपया लेने पर अधिक ब्याज देना पड़ता है। कम राशि कम दिनों के लिए लेने पर पांच से दस प्रतिशत प्रति सैकड़ा के हिसाब से ऋण लिया जाता है। अधिक राशि लेने पर ब्याज की दर तीन प्रतिशत प्रति सैकड़ा होती है। धर्मराज इस कारोबार को बड़ी सर्तकता से चला रहे हैं, बगैर परिचित लोगों सूद पर पैसा कथित अवैध कारोबारी द्वारा नहीं दिया जाता है।

### सूदखोरों का मजबूत नेटवर्क

शहरी से ग्रामीण क्षेत्रों तक सूदखोर का मजबूत नेटवर्क बना हुआ है। ये लोग जरूरतमंदों को फंसाने के लिए हर जगह अपना आदमी खड़े रखते हैं। अधिक राशि सूद पर लेने वाले लोग कई बार समय पर रुपया वापस नहीं कर पाते तो, सूदखोर हर हथकंडा अपना कर रुपया वापस लेने में सफल हो जाते हैं। इसलिए ग्रामीण क्षेत्रों में यह कहावत प्रचलित है कि भगवान सूदखोर से बचाए। समाज में आज भी सूदखोर को अच्छी नजर से नहीं देखा जाता है। सुबह-सुबह सूदखोर के दर्शन को कई लोग आज भी अशुभ मानते हैं। धार्मिक दृष्टिकोण से भी सूद से पैसा कमाने के धंधे को अच्छा नहीं माना गया है।

## खबर संक्षेप

### ब्यौहारी में हटवाया गया अतिक्रमण



**शहडोल।** जिले के ब्यौहारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी शरद गौतम ने बताया कि नगर परिषद ब्यौहारी द्वारा शहडोल-रीवा मार्ग पर सडक़ किनारे स्थित छह अवैध दुकानों को हटवाया गया है। यह कार्रवाई सडक़ पर आवागमन में बाधा डालने की शिकायतों के मद्देनजर की गई है। शहडोल-रीवा मार्ग पर स्थापित लोहे की टीन से बनी दुकानों ने न केवल सडक़ पर अव्यवस्था फैलाई थी, बल्कि वहां से गुजरने वाले वाहनों के लिए भी खतरा उत्पन्न कर दिया था। शहडोल-रीवा मार्ग से अतिक्रमण हट जाने से आवागमन सुगम होगी।

### पुलिस ने पकड़ा अवैध कबाड़ से भरा वाहन



**शहडोल।** जिले के अमलाई थाना क्षेत्र में अवैध कबाड़ के परिवहन पर पुलिस की सख्त निगरानी जारी है। थाना प्रभारी जे.पी.शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए एक वाहन से अवैध कबाड़ से लदे वाहन को जब्त किया है। जानकारी के मुताबिक अमलाई पुलिस को सूचना मिली थी कि एक संदिग्ध वाहन में लोहे-टीन का कबाड़ लोड कर लाया जा रहा है। इस पर टीम ने तत्काल घेराबंदी कर वाहन क्रमांक एमपी 20 जीबी 5468 को रोका। तलाशी लेने पर वाहन में भारी मात्रा में विभिन्न प्रकार का लोहे, टीन और स्क्रैप कबाड़ भरा मिला। वाहन चालक कबाड़ के संबंध में कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस द्वारा कबाड़ माफियाओं और अवैध परिवहन पर लगातार सख्ती बरती जा रही है, जिससे इस धंधे में लिप्त लोगों में हडक़ंप मच गया है। चर्चा है कि यह अवैध कबाड़ तथाकथित रहीम नामक पुराने कबाड़ माफिया का है। कबाड़ी के नेटवर्क का अंदाजा इसी बात से लगाय जा सकता है कि डाक पार्सल डेली सर्विस वाहन से हर दिन लाखों का माल जबलपुर भेजा जा रहा है।

### जेसीबी से बन रहे खेत तालाब

**उमरिया।** जिले में जिला पंचायत सीईओ भले ही दर्जनों सचिवों के खिलाफ कार्यवाही कर रहे हों, इसके बाद भी पंचायत के सरपंच, सचिव, इंजीनियर सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। वर्तमान में खेत तालाब योजना में जेसीबी से काम हो रहा है, मजदूर पलायन कर रहे है, इसके बाद भी जनपद में बैठे अधिकारियों के आंख में पट्टी बंधी हुई है। संभागीय मुख्यालय से 5 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत महरोई में खेत तालाब के कार्य जेसीबी से हो रहे हैं। जिसकी जानकारी एसडीओ, उपयंत्री सहित सीईओ को है, जबकि पूर्व में शिकायत भी इस मामले में की गई थी, इतना ही नहीं एक ही प्रधानमंत्री आवास दो लोगों के नाम पर स्वीकृत हो चुके हैं और राशि भी आहरण कर ली गई है।
शिकायतकर्ता ने संभागायुक्त से भी शिकायत करते हुए जांच की मांग की है, साथ ही सरपंच, सचिव सहित रोजगार सहायक, उपयंत्री को बर्खास्त करने की मांग की है।

### अधिक मूल्य पर शराब बेचने पर हुई कार्यवाही

**उमरिया।** जिला आबकारी अधिकारी अशोक कुमार खत्री ने बताया कि पाली समूह के लायसेंसी राकेश सिंह के विरूद्ध दिनकर सिंह तिवारी आबकारी उप निरीक्षक वृत्त पाली द्वारा कंपोजिट मदिरा दुकान मलियागुड़ा पर एमआरपी से अधिक मदिरा विक्रय पाये जाने पर प्रकरण पंजीबद्ध किया है, अनुज्ञप्ति शर्त, लायसेंस शर्त तथा राजपत्र की कंडिका का उल्लंघन होने पर 23 हजार 591 रूपये की शास्ति अधिरोपित की गई है साथ ही 12 जून को इसी प्रकार की कार्यवाही कंपोजिट मदिरा दुकान पाली एफएल पर की गई है, जिसमें 1 लाख 13 हजार 513 रूपये का शास्ति प्रस्तावित है।



## सामूहिक श्रमदान कर दिया जल संरक्षण का संदेश

**शहडोल।** जल है तो कल है, आओ मिलकर कदम बढ़ाएं जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व वाले तालाबों, जल स्त्रोतों तथा देवालयों में जल संरक्षण के कार्य भी किये जा रहे हैं। यह जन प्रतिनिधियों, स्थानीय समुदाय, जनभागीदारी, आमजन और सरकार के संयुक्त प्रयास से संचालित होगा, जिसमें मशीन, सामग्री व श्रम का समुचित नियोजन किया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में 30 जून तक जल को सहेजने, संरक्षण एवं संवर्धन हेतु जल संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत जिले के समस्त जनपद पंचायत के ग्राम पंचायतो एवं नगरीय निकायों में जल गंगा संवर्धन अभियान में लोगों ने उत्साह एवं उमंग के साथ जल का महत्व समझते हुए श्रमदान कर अपनी सहभागिता निभा रहे हैं और जल के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए संदेश दे रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जनपद पंचायत सोहागपुर के ग्राम पंचायत बरुका के बडक़ा तालाब में सामूहिक श्रमदान से गहरीकरण एवं तालाब के ऊपर जमे मलवा, कचरे की साफ़ सफाई का कार्य किया गया। सामूहिक श्रमदान में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी मुद्रिका सिंह,जिला समन्वयक जन अभियान परिषद,विवेक पांडेय, प्रिया सिंह बघेल,सरपंच पुईया बैगा,पूर्व सरपंच कांता बैगा, हर्ष मिश्रा ,कुल्फी नायक ,रोहणी बंजारा ,दुबेलाल बैगा ,हीरा नायक, हेमा नायक ,नानबाबू बैगा ,राजू कुशवाहा ,श्रीधर मिश्रा ,हेमा नायक ,रजनी बैगा, अमशिया बैगा ,कविता बैगा सहित प्रस्फुटन समिति के सदस्य एवं ग्रामवासियों ने सहभागिता निभाई तथा जल संरक्षण का संदेश दिया।

## विश्वविद्यालय में प्रेरणादायक व्याख्यान संपन्न

शहडोल।




पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए संचालित फिनिशिंग स्कूल पहल के अंतर्गत एक विशेष व्याख्यान का आयोजन विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. रामशंकर के निर्देशन में आयोजित किया गया। पाथ फाइंडर और कैरियर क्लिक विषय पर आमंत्रित मुख्य वक्ता शुभम तिवारी, प्री-सेल्स कंसल्टेंट - ऑरेकल प्रैक्टिस, एचसीएल टेक, ने अपने बहुमूल्य अनुभवों के आलोक में छात्रों को करियर निर्माण, कॉर्पोरेट संस्कृति, डिजिटल नेटवर्किंग एवं तकनीकी उन्नयन की दिशा में प्रेरित किया।
कार्यक्रम का आरंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात डॉ. ज्योति सिंह द्वारा प्रस्तुत स्वागत उद्बोधन में फिनिशिंग स्कूल की संकल्पना तथा विद्यार्थियों की व्यावसायिक तैयारी में इसकी भूमिका को प्रभावशाली ढंग से रेखांकित किया गया। मुख्य वक्ता श्री तिवारी ने अपने संबोधन में आज के प्रतिस्पर्धी परिदृश्य में छात्रों की भूमिका को परिभाषित करते हुए व्यावसायिक सफलता के लिए आवश्यक मूलभूत एवं समसामयिक तत्वों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने डिजिटल पहचान और व्यक्तिगत ब्रांडिंग के माध्यम से करियर में अलग पहचान बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। संवाद कौशल, नैतिक नेतृत्व और कॉर्पोरेट नैटवर्किंग को उन्होंने व्यावसायिक स्थायित्व के तीन प्रमुख स्तंभों के रूप में प्रस्तुत किया। विशेष रूप से, उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के व्यावहारिक उपयोगों पर केंद्रित करते हुए यह बताया कि आने वाले समय में नौकरी की दुनिया कैसे एआई-समर्थित निर्णयों और दक्षताओं पर आधारित होगी। उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि वे न केवल तकनीकी रूप से सजग बनें, बल्कि अपने भीतर नवाचार, लचीलापन और सहयोग की भावना भी विकसित करें।
कार्यक्रम में प्रो. गीता सराफ (परिसर प्रभारी) और प्रो. आशीष तिवारी (कुलसचिव) की गरिमामयी उपस्थिति रही। दोनों विद्वानों ने छात्रों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के इस दौर में तकनीकी साक्षरता एवं सतत विकास के मूल्यों को आत्मसात करने की प्रेरणा दी। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि ऐसे सत्र केवल शैक्षणिक नहीं, बल्कि व्यावहारिक जीवन कौशल के पोषण में भी सहायक होते हैं। संपूर्ण आयोजन का संयोजन अंग्रेजी विभागाध्यक्ष प्रो. मनीषा तिवारी एवं सहायक प्राध्यापक डॉ. शुभम यादव के कुशल मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के प्रभावी आयोजन के लिए मंच का संचालन डॉ. कात्यायनी शुक्ला द्वारा किया गया। इस अवसर पर पवन सोनी,डॉ. जितेन्द्र सेन, डॉ. सिद्धार्थ मिश्रा, डॉ. सौरभ शिवा, डॉ. बृजेन्द्र पांडेय, डॉ. पूर्णिमा शर्मा, डॉ. सुषमा नेताम, डॉ. निलेश शर्मा सहित अनेक शिक्षकों की उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा को और अधिक ऊँचाई प्रदान की।
उल्लेखनीय है कि फिनिशिंग स्कूल के अंतर्गत करियर काउंसलिंग, मॉक इंटरव्यू, पर्सनैलिटी डेवलपमेंट, कैरियर क्लिक और टॉक स्मार्ट जैसे बहुआयामी सत्रों की एक सशक्त श्रृंखला आयोजित की गई, जिसका समापन आज के व्याख्यान के साथ सम्पन्न हुआ। इन सत्रों में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों से आए छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर अपने आत्मविश्वास, प्रस्तुतीकरण एवं संवाद कौशल को सुदृढ़ किया।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के लिए की जाये पौध की व्यवस्था



शहडोल।

एक पेड़ मां के नाम अभियान प्रदेश सरकार की प्राथमिकता का कार्यक्रम है। जिसकी शुरूआत विश्व पर्यावरण दिवस 05 जून से पौधरोपण कर हो चुकी है। आयुक्त श्रीमती सुरभि गुप्ता ने एक पेड़ मां के नाम अभियान की तैयारियों की समीक्षा करते हुए संभाग के तीनों जिलों के कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत को निर्देश दिए कि शासन के निर्देशानुसार प्राप्त लक्ष्यों के अनुरूप पौधरोपण की सभी आवश्यक तैयारी 30 जून तक पूरी कर ली जाए। उन्होंने कहा कि वर्षाकाल का समय पौधरोपण के लिए सबसे उपयुक्त होता है। पौधरोपण की तैयारी के तहत जिन स्थानों में पौधरोपण किया जाना है, वहां गढ्ढों की खुदाई का कार्य पूरा कर लिया जाए। जिन प्रजातियों के पौधरोपित किए जाने हैं, उनकी प्रजातिवार उपलब्धता, नर्सरियों से समन्वय की कार्ययोजना पूर्व से ही तैयार कर ली जाए। इन कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों तथा समाज को भी जोड़ा जाए। जिन स्थानों में पौधरोपण किया जाना है, वहां सिंचाई की व्यवस्था तथा सुरक्षा व्यवस्था भी की जाए। बैठक में संबंधित जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों द्वारा अब तक की गई तैयारियों की जानकारी दी गई। आयुक्त ने कहा कि सभी जिलों में बड़ी संख्या में खेत तालाबों का निर्माण किया जा रहा है। खेत तालाबों एवं अन्य जल संरचनाओं नदी के किनारों तथा ग्रामीण क्षेत्रों के आवागमन मार्गो में भी फलदार तथा छायादार पौधरोपित करना उपयुक्त रहेगा। बैठक में कलेक्टर शहडोल डॉ. केदार सिंह, कलेक्टर उमरिया धरणेंद्र जैन, कलेक्टर अनूपपुर हर्षल पंचोली, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत उमरिया अभय सिंह, अनूपपुर तन्मय वशिष्ट शर्मा, शहडोल नरेन्द्र सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## उपयंत्री को नोटिस, सचिवों को किया निलंबित



उमरिया।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा 'जल गंगा संवर्धन अभियान', सी.एम. हेल्पलाईन, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण की समीक्षा बैठक ली गई। समीक्षा बैठक के दौरान खराब प्रगति के कारण उपयंत्री श्री दीपक तिवारी सेक्टर बांका को कारण बताओं सूचना पत्र जारी किया गया है । सचिव ग्राम पंचायत चंदवार पदम सिंह को निलंबित करते हुए उनका मुख्यालय जनपद पंचायत करकेली, पंचायत सचिव ग्राम पंचायत पटपरा अनूप सिंह को निलंबित करते हुए उनका मुख्यालय जनपद पंचायत करकेली, पंचायत सचिव ग्राम पंचायत सलैया 13 मुन्ना सिंह को निलंबित करते हुए उनका मुख्यालय जनपद पंचायत करकेली, पंचायत सचिव ग्राम पंचायत पतरेई श्यामलाल विश्वकर्मा को निलंबित करते हुए उनका मुख्यालय जनपद पंचायत करकेली, पंचायत सचिव ग्राम पंचायत पथरहठा धमेन्द्र बैगा को निलंबित करते हुए उनका मुख्यालय जनपद पंचायत करकेली, पंचायत सचिव ग्राम पंचायत कल्दा के गेंद सिंह को निलंबित करते हुए उनका मुख्यालय जनपद पंचायत करकेली नियत किया है । इसी प्रकार ग्राम पंचायत बेलसरा के सचिव व ग्राम रोजगार सहायक, ग्राम पंचायत भरौला सचिव, ग्राम पंचायत खेरवाखुर्द के सचिव व ग्राम रोजगार सहायक, ग्राम पंचायत किरनतालकला के सचिव, ग्राम पंचायत अंचला के सचिव व ग्राम रोजगार सहायक, ग्राम पंचायत बांका सचिव, ग्राम पंचायत बरहटा सचिव, ग्राम पंचायत धनवाही सचिव, ग्राम पंचायत कोयलारी-63 सचिव, ग्राम पंचायत मझगवां 18 ग्राम रोजगार सहायक, ग्राम पंचायत बरही के सचिव व ग्राम रोजगार सहायक, ग्राम पंचायत देवगवांखुर्द के सचिव व ग्राम रोजगार सहायक को कारण बताओं सूचना पत्र जारी किया गया है।

## जल संरक्षण के सभी कार्य बरसात के पूर्व पूरा करें: आयुक्त



**शहडोल।** आयुक्त श्रीमती सुरभि गुप्ता ने प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार संभाग के तीनों जिलों में चल रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण के सभी कार्य बरसात के पूर्व पूरा कराने के निर्देश संबंधित कलेक्टरों को समीक्षा बैठक के माध्यम से दिए हैं। उन्होनें कहा कि जो भी जल संरचनाएं यथा पुराने तालाबों का जीर्णोद्धार, नए अमृत सरोवरों का निर्माण, निर्मल नीर, खेत तालाब, कुओं की सफाई एवं रिचार्ज की व्यवस्था हैण्डपंपों के पास शोकपिट का निर्माण, पुरानी बावडियों का जीर्णोद्धार आदि कार्य जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से किए जा रहे हैं। ये सभी कार्य 20 जून तक पूरे कर लिए जाएं। आपने यह भी निर्देश दिए कि तालाबों के कैचमेंट एरिया के अवरोधों को हटाया जाए जिससे तालाबों में वर्षा का पानी पहुच सके। जल संरचनाओं को राजस्व रिकार्ड में दर्ज करा दिया जाए। बैठक में तीनों जिलों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा पॉवर प्वॉइन्ट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से उनके जिले में जल संवर्धन से संबंधित संचालित कार्यों की जानकारी दी गई। बैठक में कलेक्टर शहडोल डॉ. केदार सिंह, कलेक्टर उमरिया धरणेंद्र जैन, कलेक्टर अनूपपुर हर्षल पंचोली, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत उमरिया अभय सिंह, अनूपपुर तन्मय वशिष्ट शर्मा, सीईओ जिला पंचायत शहडोल नरेन्द्र सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## नशा मुक्ति अभियान के सक्रिय क्रियान्वयन के लिए बैठक आज

**उमरिया।** प्रदेश शासन व्दारा नशा मुक्ति अभियान प्रारंभ किया गया है । अभियान में नशीली दवाओ तथा शराब के अवैध व्यापार को रोकने हेतु जागरूकता कार्यक्रम का क्रियान्वयन किया जाना है । जिले में नशा मुक्ति अभियान के सक्रिय क्रियान्वयन हेतु बैठक 16 जून को समय सीमा की बैठक के पश्चात आहूत की गई है । बैठक में सर्व संबंधितों से उपस्थिति की अपेक्षा की गई है ।

## साल से फरार वारंटी को किया गिरफ्तार

**डिंडौरी।** पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा चलाए जा रहे वारंटियों की धरपकड़ अभियान के अंतर्गत डिंडौरी जिले की समनापुर पुलिस को एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। करीब 09 वर्षों से फरार चल रहे स्थायी वारंटी को समनापुर पुलिस ने विशेष टीम बनाकर गिरफ्तार कर लिया। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में 13 जून 2025 को गठित टीम ने जिले के चर्चित फरार आरोपी रविन्द्र उर्फ बूटा सोनी पिता स्व. प्रदीप सोनी, उम्र 31 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 12, समनापुर को छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले से गिरफ्तार किया। आरोपी के विरुद्ध डिंडौरी न्यायालय से निम्न 5 मामलों में स्थायी वारंट जारी थे— अपराध क्रमांक 294/16 - धारा 461 भा.दं.वि. अपराध क्रमांक 345/16 - धारा 457, 380, 411, 34 भा.दं.वि. अपराध क्रमांक 383/16 - धारा 457, 380, 34 भा.दं.वि अपराध क्रमांक 4/17 - धारा 457, 380, 411, 34 भा.दं.वि. अपराध क्रमांक 385/16 - गिरफ्तारी वारंट।आरोपी वर्ष 2016 से फरार था। समनापुर पुलिस द्वारा लगातार सुराग लगाते हुए आखिरकार दरम्यानी रात उसे बिलासपुर से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी की सूचना आरोपी के बड़े भाई को दी गई तथा उसे माननीय न्यायालय डिंडौरी में प्रस्तुत किया गया।इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक कामेश कुमार धूमकेती, प्रधान आरक्षक सहमेन सिंह मरावी प्रआर 175, राजेश मरावी प्रआर 183, और कृष्णपाल सिंह प्रआर 297 की अहम और सराहनीय भूमिका रही।

## डिंडौरी के युवा इन्फ्लूएंसर योगेश तेकाम को पर्यटन विभाग ने किया सम्मानित

**डिंडौरी ।** आदिवासी बाहुल्य डिंडौरी जिले की लोकप्रिय डिंडौरी व्यू फेसबुक और इंस्टाग्राम सोशल मीडिया के युवा इन्फ्लूएंसर्स योगेश कुमार तेकाम को मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा जबलपुर में आयोजित कार्यक्रम में जनजाति समुदाय की संस्कृति और परंपरा को प्रमुखता से प्रसारित करने के प्रयासों की सराहना करते हुए सम्मानित किया गया। इसके पहले भी सीएम इन्फ्लूएंसर मीट, ट्राइबल इन्फ्लूएंसर डिजिटल मार्केटिंग वर्कशॉप में योगेश तेकाम को सम्मानित किया गया था। कार्यक्रम में जबलपुर संभाग के तमाम प्रसिद्ध और लोकप्रिय इन्फ्लूएंसर्स शामिल हुए थे। मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग के अधिकारियों ने संबोधित करते हुए कहा कि तकनीकी संचार के दौर में सोशल मीडिया की घर - घर के साथ ही सोशल मीडिया यूजरो तक पहुंच आसान हो गई हैं।

## भीषण गर्मी के चलते बढ़ाया जाए ग्रीष्म अवकाश

**कटनी।** मानसून की लेटलतीफी के चलते गर्मी प्रचण्ड तेवर दिखा रही है। पारा लगातार ऊपर की ओर जा रहा है। भीषण गर्मी के कारण हर वर्ग परेशान है, जिसको देखते हुए जिला पंचायत कटनी के उपाध्यक्ष एवं जिला शिक्षा समिति के सभापति अशोक विश्वकर्मा ने कलेक्टर को पत्र लिखकर शिक्षा विभाग के अंतर्गत शालाओं के अवकाश अवधि को बढ़ाए जाने की अपेक्षा की है। पत्र में कहा गया है कि वर्तमान में भीषण गर्मी एवं जल के संकट से संपूर्ण प्रदेश झुलस रहा है। ऐसी स्थिति में नन्हे-मुन्ने बच्चों का स्कूल जाने में समस्या होगी। इस भीषण गर्मी में पानी और बिजली की अनुपलब्धता के चलते बच्चों को कई तरह की परेशानी होगी। उपरोक्त परिस्थितियों एवं भीषण गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए बच्चों का अवकाश एक सप्ताह और बढ़ाने की अपेक्षा है।

### प्रमाणित गबन, दर्जन भर योजना को डकारा, कार्यवाही शून्य

# जनपद से जिला पंचायत तक चल रहा आरोप-जांच का खेला

**जिले की 5 जनपदों और जिला पंचायत के बीच भ्रष्ट सचिव, रोजगार सहायक, उपयंत्री व सरपंचों के कारनामों की फाईलें प्रमाणित गबन और जांच के बाद भी कार्यवाही के लिए तरस रही हैं। जिपं में जिम्मेदारों का आना-जाना और अब तो, एसडीएम को मिली जिम्मेदारी ने ऐसे तमाम भ्रष्ट नौकरशाहों पर कार्यवाही होने की आस ही तोड़ दी है।**




शहडोल

त्रि-स्तरीय पंचायती राज व्यवस्था में पंचायत से लेकर जनपद में बैठे जनप्रतिनिधि और नौकरशाह तमाम योजनाओं को गांव में बैठे अंतिम छोर के हितग्राही तक पहुंचने में रोड़ा बने हुए हैं। जिला पंचायत की शिकायत और जांच की फाईलों में ऐसे दर्जनों मामले पांचों जनपदों की विभिन्न पंचायतों के वर्षो से निष्कर्ष के लिए इंतजार में हैं। जिला पंचायत की मुखिया की कुर्सी पर अधिकारियों का बीते दो से तीन वर्षो के दौरान लगातार आना-जाना लगा रहा, ऐसे में जिपं की कमान पूरी तरह अंगद रूपी उन बाबुओं के हाथ में हैं, जो यहां वर्षो से जमें हुए हैं, शासकीय योजनाओं में लाखों से करोड़ों तक के भ्रष्टाचार की शिकायतें और हुई जांच तथा निष्कर्ष कार्यवाही के लिए फाईलों में ही दम तोड़ रहे हैं, जिले की गोहपारू जनपद की ग्राम पंचायत खन्नौधी के पूर्व सचिव पर दो वर्ष पहले डेढ़ लाख से अधिक की राशि का सीधे गबन और 9 बिन्दुओं पर भ्रष्टाचार किया जाना प्रमाणित पाया गया, जनपद पंचायत गोहपारू से जांच की यह फाईल कार्यवाही के लिए जिला पंचायत में अपनी पारी का इंतजार कर रही है।

### मांगा था जनपद से अभिमत

जिला पंचायत ने गोहपारू जनपद से अवधेश कुशवाहा तत्कालीन सचिव ग्राम पंचायत खन्नौधी के कारनामों का अभिमत मांगा गया था, जनपद ने उक्त सचिव के संबंध में 9 बिन्दुओं की रिपोर्ट सौंपी थी, लेकिन कार्यवाही शून्य है, अभिमत में स्पष्ट उल्लेख किया गया कि विधानसभा / लोक सभा निर्वाचन 2023-24 में मा. शा. भवन खन्नौधी में म.के. 46,4778 तीन मतदान केन्द्र थे, जिनमें शौचालय का निर्माण तत्कालीन सचिव श्री कुशवाहा के द्वारा कराया गया था, जो कार्य अपूर्ण है अधूरे कार्य का पूर्ण भुगतान भी हो चुका है, आज भी शौचालय का कार्य अधूरा है, सचिव के द्वारा प्राकलन / तकनीकी स्वीकृति हेतु कार्यालय में जमा नहीं किया गया है तथा मतदान केन्द्रो में बिजली फिटिंग तथा पंखे 6 नग लगवाये गये है।

### मूल्यांकन एवं भुगतान शेष

अभिमत में जनपद द्वारा लेख किया गया कि रामसागर तालाब बिजहा टोला में चबूतरा निर्माण का कार्य कराया गया है, उक्त कार्य ग्राम सभा के प्रस्ताव से 5वां वित्त आयोग की राशि से कराया गया है। चबूतरे की एरिया 20&18 फिट लगभग है। जिसका भुगतान किया जाना शेष है। चबूतरा निर्माण के संबंध में किसी प्रकार के प्राकलन का प्रस्ताव इस कार्यालय को नही दिया गया है। पंचायत परिसर में कूप मरम्मत कार्य जल गंगा अभियान के तहत काराया गया है। कूप मरम्मत कार्य की तकनीकी स्वीकृति क्रमांक 153 दिनांक 24 जुलाई 2024 स्वीकृत राशि 0.49 लाख एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गोहपारू के प्रशासकीय स्वीकृति क्रमांक 1464 दिनांक 19 सितम्बर 2024 के अनुसार कार्य कराया गया है जो तत्कालीन सचिव के द्वारा प्रभार में नहीं दिया गया है। जिसका मूल्यांकन एवं भुगतान किया जाना शेष है।

### पंचायत के खजाने में राशि जमा नहीं

अवधेश कुशवाहा ने अपने कार्यकाल के दौरान हनुमना तालाब के पास वृक्षारोपण में रोपित महुआ फूल एवं फल की नीलामी आचार संहिता लागू होने के कारण नीलामी नहीं किया, ग्राम पंचायत के पास ही था। पंचायत के माध्यम से महुआ का फूल बिनवाकर स्टोर किया गया था, पंचायत सचिव द्वारा फूल का ब्रिकी कर राशि पंचायत के खाता में जमा नहीं किया गया है , कैशबुक का परीक्षण किया गया है, कैशबुक में जमा राशि नही पायी गई। सप्ताहिक बाजार ग्राम खन्नौधी की नीलामी वर्ष 2023-24 चुनाव आचार संहिता लागू होने के कारण नीलामी नही किया जा सकता था तथा ग्राम पंचायत स्वयं साप्ताहिक बाजार बैठकी वसूली माह अप्रैल 2024 से जुलाई 2024 तक 15 सप्ताहिक मंगलवार पंचायत के प्रस्ताव के अनुसार प्रति सप्ताह रूपया 78730&15=130950=00 रूपए होता है, जिसमे से रूपए 78730+3000 =11730 रूपए कैशबुक में दर्ज पाया गया है शेष राशि 119220 रूपये सचिव अवधेश कुशवाहा के द्वारा पंचायत के खाते में जमा नही किया गया है, जो कि गबन की श्रेणी में आता है।

### दस्तावेजों का किया अवलोकन

ग्राम पंचायत कार्यलाय द्वारा सार्वजनिक जगह पर मांस एवं मदिरा खुले में बिकी करने के लिए नोटिश जारी किया गया था। जावक पंजी नस्ती का अवलोकन किया गया है। सप्ताहिक बाजार में लोगों द्वारा मांस एवं मंदिरा खुले में बिक्री करने वाले लोगो को नोटिस पंचायत द्वारा दिया गया है, नस्ती का अवलोकन किया गया जो सत्यापित है। सचिव द्वारा प्रतिलिपि की कापी वरिष्ट कार्यालय को नहीं भेजी गई है। सी.सी. रोड निर्माण ग्राम खन्नौधी सी.सी. रोड निर्माण भोले कुशवाहा के घर से (बउली के पास) अंजुम के घर तक 460 मीटर कार्य एवं नाली निर्माण कार्य भोले कुशवाहा के घर से अंजुम के घर तक 250 मीटर प्रगति में होने के कारण उक्त कार्य की माप पुस्तिका पदस्थ उपयंत्री के पास थी। ग्राम पंचायत खन्नौधी में सी. सी. रोड निर्माण भोले कुशवाहा के घर से बाउली केन्द्र अंजुम के घर तक 460 मी. एवं नाली निर्माण 250 मी. बनाई गई। जिसका टी.एस. 485 दिनांक 20.01.23 ए.एस. 03 दिनांक 26.09.23 लागत राशि 15.00 लाख मनरेगा मजदूरी 167000, 13.33 लाख सामग्री का है, सी.सी. जारी हैं एम. बी. ग्राम पंचायत को दे दी गई है।

### सचिव ने किया गबन

साप्ताहिक बाजार खन्नौधी के स्थल में बरसात में बहुत कीचड़ होता था जिससे बाजार के अंदर पानी कीचड़ न हो वहां पर बाजार बैठक वसूली राशि से मुरूम-मिट्टी नही डाली गई, दुकानदारों नें स्वयं के व्यय से मिट्टी-मुरूम फीलिंग का कार्य कराया गया है, तत्कालीन सचिव श्री कुशवाहा के द्वारा कार्यालयीन कार्य के लिए लेप्टॉप एवं डिवाइस हेन्ड स्पीकर पंचायत की राशि से क्रय किया गया है, जिसकी कुल राशि 34650 व्यय किया गया है, प्रभार में नही दिया गया है जो कि अभिलेखीय कैशबुक में दर्ज है। अवधेश कुशावहा द्वारा 153970 रूपये का गबन किया गया है।

## धरती आबा अभियान के तहत विभिन्न ग्राम पंचायतों में शिविर संपन्न





**उमरिया।** सहायक आयुक्त जन जातीय कार्य विभाग डॉ. पूजा द्विवेदी ने बातया कि धरती आबा जन जातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान जन जातीय समुदायो को सशक्त बनाने के लिए 15 जून से जनपद पंचायतों के चयनित ग्रामों में कैंप का आयोजन प्रारंभ हो गया है। उन्होने बताया कि 15 जून को करकेली जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत रहठा में शिविर आयोजित किया गया जिसमें ग्राम करनपुरा, झाला, बांका, खैरभार, हरदुआ, सेमडारी, करहिया के ग्रामीण शामिल हुए।इसी तरह पाली विकासखंड के ग्राम पंचायत में आयोजित कैंप में ग्राम खिचकिड़ी, कठई, बरदढार, चौरी, भौतरा, धूपखड़ा के ग्रामीण जन शामिल हुए। इसी प्रकार मानपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत अमरपुर में आयोजित शिविर में अमरपुर, डिघिया, असोढ, बचहा, भरौली, बड़छड़, करसरा नंबर 1, खलौंध के ग्रामीण जन शामिल हुए । उन्होंने बताया कि शिविर के माध्यम से आधार कार्ड, जन जातीय हितग्राहियों के जाति प्रमाण पत्र जारी करना, जन धन खाता खोलने हेतु बैंको से समन्वय करने, जन धन खाता, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, पीएम संरक्षा बीमा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड , पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, राशन कार्ड, पीएम उज्जवला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, वन अधिकार पट्टा, प्रधानमंत्री आवास योजना, जन जातीय क्षेत्रीय स्किल सेंटर खोलना, वन धन केंद्र, मोबाइल टावर स्थापना नेटवर्क कनेक्टीविटी,सामाजिक सुरक्षा पेंशन , मछली पालन हेतु हितग्राहियों का चिन्हांकन, होम स्टे का निर्माण, एलपीजी गैस कनेक्शन देने, पोषण वाटिका का निर्माण सहित अन्य हितग्राही मूलक योजनाओं की जानकारी प्रदाय की गई। उन्होने बताया कि 16 जून को करकेली विकासखंड के ग्रामपंचायत भवन पाली, पाली विकासखंड के ग्राम पंचायत भवन बकेली तथा मानपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत बरबसपुर में कैंप का आयोजन किया गया है।



## ग्राम नरवार नवीन में गर्भवती महिलाओं की गई जांच

**उमरिया।** जिला परिवार कल्याण अधिकारी डॉ.एस.बी.चौधरी ने बताया कि ग्राम नरवार नवीन ब्लॉक करकेली मे सीएचओ पूजा चौधरी तथा आशा कार्यकर्ता श्रीमती मीना सिंह द्वारा ग्राम की 5 गर्भवती महिलाओं को बुलाकर उनकी जाँच, वजन, और खतरे के लक्षण की जाँच की गई । जिला परिवार कल्याण अधिकारी द्वारा सभी गर्भवती महिलाओं से संवाद कर परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत स्थायी नशबंदी, तथा अस्थायी संसाधन के विषय मे जानकारी दिया गया और प्रथम और दूसरे बच्चे के बीच 3 वर्ष का अंतर रखने लिए समझाईश देते हुये सीमित परिवार रखने के लिए बताया गया। इस दौरान सेक्टर सुपरवाइजर उपस्थित रहे। चिन्हकित उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं को जिला चिकत्सालय उमरिया मे प्रसव से 6 दिन पहले भर्ती होने की सलाह दी गई।



## विधिक जागरूकता शिविर संपन्न

**उमरिया।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विवेक कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में विश्व वृद्धजन दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस के अवसर पर तथा नालसा (वरिष्ठ नागरिकों को विधिक सेवाएं) योजना, 2016 के उद्देश्यों के अनुरूप विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अध्यक्ष प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विवेक कुमार गुप्ता, द्वितीय अपर जिला न्यायाधीश अहमद रजा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दीपक कुमार अग्रवाल, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड, वीणा खलखो, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमरिया मोहन डावर, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड सरफराज खान, जिला विधिक सहायता अधिकारी बी0डी0 दीक्षित, लीगल एड डिफेंस काउंसिल अधिवक्ता सुरेश चंद्र मित्राणी, दिनकर प्रसाद तिवारी, विजय कुमार राय, गजराज सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता दिनेश प्रसाद त्रिपाठी, जिला उमरिया के वरिष्ठजन, कार्यालय के कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे। शिविर का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों पर प्रकाश डालना है। उक्त कार्यक्रम में नालसा की वरिष्ठ नागरिकों के विधिक सेवाएं योजना एवं शासन की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी शुरू

## युवा टीम करा रही लोगों को योगाभ्यास



**उमरिया।** आयुष विभाग मध्यप्रदेश शासन के तत्वाधान में उमरिया कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन के मार्गदर्शन पर जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया द्वारा 21 जून को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने के लिए जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया के द्वारा पिछले कई दिनों से माँ बिरासिनी स्टेडियम बिरसिंहपुर पाली में योगाभ्यास व ब्रीथिंग अभ्यास जागरूकता कार्यक्रम करवायी जा रही है। प्रतिदिन सुबह के समय में माँ बिरासिनी मैदान में शहर की सैकड़ों महिला व पुरूष , बच्चे भाग लेकर योगाभ्यास कर रहे हैं। योगाभ्यास कार्यक्रम में हिमांशु तिवारी ने लोगों को योगा व ब्रीथिंग अभ्यास के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि योगाभ्यास अनेक बीमारियों से बचाता है। अतः प्रतिदिन योग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ब्रह्मांड पांच तत्वों से मिलकर बना है। वायु, जल, अग्नि, आकाश और पृथ्वी। मानव जन्म जो हमें मिला है, उसे हम सार्थक बनाएं क्योंकि इतना सुंदर जीवन हमने प्राप्त किया है। मन के विकारों को दूर करने का योग महत्वपूर्ण साधन है। योग वेदों से लिया गया है, प्राचीन ऋषियों-मुनियों के द्वारा योग को अपनाया गया है। य योग स्वयं के द्वारा ज्ञान प्राप्त करना है। मात्र प्रदर्शन की वस्तु नहीं है। हमारे अंदर की नकारात्मकता को सकारात्मकता में योग के माध्यम से परिवर्तित कर सकते हैं। योगाभ्यास के दौरान हिमांशु तिवारी,पलक सिंह, आरुष शिवहरे,नेहा सिंह,स्नेहा सिंह, तमन्ना मार्को,कृष्णा देवी बैगा,स्नेहा बैगा,रामवती बैगा,सत्यम सेन,राधिका विश्वकर्मा, श्रेयांश गौतम, अतिव्य रजक, शुभम पटेल,निरंजन कुशवाहा,एवं सभी उपस्थित रहे।

# राजनगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शुद्ध एवं शीतल जल की सुविधा शुरू



**हरिभूमि न्यूज़ राजनगर।** नगर परिषद राजनगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लंबे समय से पेयजल की समस्या सामने आ रही थी। मरीजों और उनके परिजनों को गर्मी में पीने योग्य पानी न मिल पाने के कारण कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या की जानकारी जब नगर परिषद अध्यक्ष यशवंत सिंह को मिली, तो उन्होंने तत्काल संज्ञान लेते हुए त्वरित कार्रवाई की। अध्यक्ष यशवंत सिंह ने परिषद के कर्मचारियों को निर्देश देकर नल कनेक्शन की मरम्मत करवाई और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में आर.ओ. सिस्टम तथा वाटर कूलर की सुविधा उपलब्ध कराई। इस पहल से अब अस्पताल आने वाले मरीजों और आमजन को शुद्ध और शीतल पेयजल आसानी से मिल सकेगा। इस जल सुविधा का उद्घाटन समारोह भी आयोजन पूर्वक सम्पन्न हुआ, जिसमें पूर्व सांसद प्रतिनिधि प्रेमचंद यादव, नगर परिषद अध्यक्ष यशवंत सिंह, मंडल अध्यक्ष कमलेश चतुर्वेदी, सचिन द्विवेदी युवा मोर्चा महामंत्री, नगर परिषद उपाध्यक्ष धनंजय सिंह, डॉ. कमलेश अगरिया, डॉ. रिचा सिंह एवं पार्षद गण उपस्थित रहे। नगरवासियों ने अध्यक्ष यशवंत सिंह की इस जनहितैषी पहल की सराहना की है। यह कदम स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले लोगों के लिए न केवल राहतकारी सिद्ध होगा। बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में भी सकारात्मक वृद्धि करेगा।

# अहमदाबाद प्लेन क्रैश के मृतकों को अमरकंटकवासियों ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।

*गुजरात प्रांत के अहमदाबाद से लंदन को जाने वाले एयर इंडिया अभियान क्रैश में सभी मृतक जनों को पवित्र नगरी अमरकंटक के संतो जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों एवं पत्रकार जनों ने शोक संवेदना व्यक्त कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है उपरोक्त सभी जनों ने अपनी ओर से श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परमपिता परमेश्वर से अपने सद चरणों में स्थान देने की कामना किया है तथा शोक संतृप्त परिजनों को संयम तथा धैर्य रहे इस हेतु ईश्वर से कामना की है संकट की इस घड़ी में संपूर्ण देश आपके परिवार के साथ है। प्लेन क्रैश में मृतक हुए परिजनों के प्रति विनम्र श्रद्धांजलि आदरांजली शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में प्रमुख रूप से मार्कंडेय आश्रम के प्रमुख स्वामी रामकृष्णानंद महाराज कल्याण सेवा आश्रम के प्रबंधक ट्रस्टी हिमाद्री मुनि महाराज संत मंडल के कोषाध्यक्ष धर्मानंद महाराज सचिन लवलीन महाराज शांति कुटी आश्रम के प्रमुख राम भूषण दास महाराज मृत्युंजय आश्रम के प्रतिनिधि योगेश दुबे, नगर परिषद की अध्यक्ष पार्वती सिंह उपाध्यक्ष एवं पूर्व अध्यक्ष रज्जू सिंह पूर्व अध्यक्ष बलिराम केवट पूर्व उपाध्यक्ष राम गोपाल द्विवेदी प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष अंबिका तिवारी उपाध्यक्ष बबीता सिंह महिला नेत्री अंकेश्वरी सिंह परस्ते पार्षद रोशन पनारिया पूर्व अध्यक्ष प्रभा पनारिया वरिष्ठ कांग्रेस नेता दुर्गेश अग्रवाल नरेंद्र सोनी सुनील मिश्रा मंडलम कांग्रेस अध्यक्ष श्यामलाल सेन देवेंद्र जैन चिन्नू शक्ति पांडे जोहन लाल चंद्रवंशी देवानंद खत्री विमला दुबे राजेश पिटानिया प्रकाश द्विवेदी पुजारी धनेश द्विवेदी वंदे महाराज वीरू तंबोली पत्रकार धनंजय तिवारी उमाशंकर पांडेय मुन्नू श्रवण उपाध्याय सोमू दुबे संजय सेन तथा विपुल बर्मन अंजय तिवारी प्रमुख रूप से शोक संवेदना श्रद्धांजलि व्यक्त करने वालों में शामिल है।*

## खबर संक्षेप

### युवक से हुई गंभीर मारपीट



**उमरिया।** मजदूरी करने आए रजनीश कोल पिता गुलाब कोल 18 उम्र साल नवयुवक जब रात 08 बजे अपने घर जा रहा था, बड़ेरी में कुछ लोगों ने रोक कर उसके साथ मारपीट की , जिससे उसके शरीर पर गहरे जख्म हैं, मारपीट इतनी गंभीर की गई है कि उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। रजनीश की हालत इतनी नाजुक है कि पुलिस उसका अब तक बयान दर्ज नहीं कर पाई है, जिससे मारपीट क्यों हुई और किसने की यह पता नहीं लग पा रहा है। गरीबों के साथ रास्ते में लूटपाट, मारपीट, बाइक और मोबाइल छीन लेने की घटना हो जाती है और किसी का ध्यान नहीं जाता है, पीड़ित के पिता गुलाब सिंह ने बताया कि मुझे जिला अस्पताल से सुबह 8 बजे सूचना दी गई थी कि आपका पुत्र रजनीश कोल गंभीर रूप से घायल हैं, जिसका इलाज किया जा रहा है, एक ओर पुलिस ने मामला कायम कर विवेचना में लिया है, वहीं पीड़ित के पिता ने न्याय की गुहार लगाई है।

### छात्रावासों में मैस की व्यवस्था कराने प्रभारी मंत्री को लिखा पत्र

**कटनी।** कटनी जिले में संचालित कई छात्रावासों में मैस की कमी है। जिसको लेकर जिला पंचायत कटनी के उपाध्यक्ष एवं जिला शिक्षा समिति के सभापति अशोक विश्वकर्मा ने पहल की है। उन्होंने जिले के प्रभारी एवं प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह को एक पत्र लिखकर छात्रावासों में मेस की व्यवस्था कराए जाने की अपेक्षा की है। प्रभारी मंत्री को लिखे गए पत्र में कहा गया है कि विगत दिनों पूर्व कटनी में संचालित छात्रावास का औचिक निरीक्षण किया गया था, जहां पाया कि बच्चियों के लिए मेस की उचित व्यवस्था नहीं है। छात्राएं अपने घर से भोजन सामग्री लाकर अपनी भोजन की व्यवस्था स्वयं करती है। ऐसी स्थिति में उनका संपूर्ण समय भोजन व्यवस्था में निकल जाता है और वो अपना अध्ययन कार्य नहीं कर पाती। जिससे अध्ययन कार्य प्रभावित होता है। कटनी में संचालित जिन छात्रावासों में मेस की व्यवस्था नहीं है, उसे शासन स्तर या स्थानीय स्तर पर कराए जाने की अपेक्षा है।

### भीषण गर्मी के चलते बढ़ाया जाए ग्रीष्म अवकाश

**कटनी।** मानसून की लेटलतीफी के चलते गर्मी प्रचण्ड तेवर दिखा रही है। पारा लगातार ऊपर की ओर जा रहा है। भीषण गर्मी के कारण हर वर्ग परेशान है, जिसको देखते हुए जिला पंचायत कटनी के उपाध्यक्ष एवं जिला शिक्षा समिति के सभापति अशोक विश्वकर्मा ने कलेक्टर को पत्र लिखकर शिक्षा विभाग के अंतर्गत शालाओं के अवकाश अवधि को बढ़ाए जाने की अपेक्षा की है। पत्र में कहा गया है कि वर्तमान में भीषण गर्मी एवं जल के संकट से संपूर्ण प्रदेश झुलस रहा है। ऐसी स्थिति में नन्हे-मुन्ने बच्चों का स्कूल जाने में समस्या होगी। इस भीषण गर्मी में पानी और बिजली की अनुपलब्धता के चलते बच्चों को कई तरह की परेशानी होगी। उपरोक्त परिस्थितियों एवं भीषण गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए बच्चों का अवकाश एक सप्ताह और बढ़ाने की अपेक्षा है।

### शिवाजी वार्ड में फागिंग मशीन से किया गया छिड़काव

**कटनी।** महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर नगर के वर्तमान मौसम को दृष्टिगत रखते हुए संचारी बीमारी मच्छरों के प्रकोप पर नियंत्रण हेतु निर्धारित कैलेंडर अनुसार नगर के विभिन्न वार्डो में फागिंग मशीन से रासायनिक धुएं का छिड़काव किये जाने की कार्यवाही की जा रही है। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि नगारिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए विगत दिवस शिवाजी वार्ड क्रमांक 20 में ई रिक्शा में फागिंग मशीनों के माध्यम से छिड़काव कार्य किया गया।

## टूटे पुल पर लगाया पटरा, बैरिकेट्स के भरोसे आम जिंदगी

# जान जोखिम में डालकर पुल पार कर रहे लोग



हरिभूमि न्यूज, शहडोल।

जिले के देवलौंद में स्थित बाणसागर सोन नदी पुल का ऊपरी हिस्सा 10 जून को अचानक एक मीटर टूट गया, जिसे देख पुलिस ने दोनों ओर बैरिकेट्स लगाकर मार्ग को तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया। स्थानीय पुलिस के द्वारा इस मामले की जानकारी तत्काल ही एमपीआरडीसी के अधिकारियों सहित जिले में बैठे अधिकारियों को दे दी। इसके बाद अधिकारियों ने मौके पर पहुंच मौके का जायजा लिया और मरम्मत कार्य शुरू कराने का आदेश जारी किया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि प्रशासन पुल मरम्मत में गंभीरता नहीं दिखा रहा है। चार मजदूरों के भरोसे इतने बड़े पुल का मरम्मत का कराया जा रहा है। मौके पर ना तो ठेकेदार मौजूद है और ना ही एमपीआरडीसी के अधिकारी, आस-पास के गांव के लोग इसी क्षतिग्रस्त पुल से रोजाना जान जोखिम में डालकर पटरे से पुल पार करते दिखाई दे रहे हैं। इस पर किसी की रोक-टोक नहीं है, ऐसा लगता है कि प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है।

बाणसागर निवासी जिला कांग्रेस पार्टी के जिला सचिव सुभाष त्रिपाठी ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि यह शहडोल रीवा और प्रयागराज को जोडऩे का एक प्रमुख मार्ग है, लेकिन इस पर लापरवाही बरती जा रही है। तेजी से सुधार कार्य करवाना चाहिए, लेकिन अधिकारी इसे हलके में ले रहे हैं। जिला सचिव ने बताया कि चार मजदूरों के भरोसे पुल में मरम्मत कार्य कराया जा रहा है। पुल के ऊपर मरम्मत के लिए एक मीटर चौड़ा गड्ढा भी बनाया गया है, जिसके ऊपर एक पटरा लगा दिया गया है। जिसमें से सोन नदी के दूसरी ओर रह रहे लोग आवाजाही कर रहे हैं। जिसमें हादसा हो सकता है। जिला सचिव ने बताया कि 25 से अधिक गांव के लोग पुल की दूसरी ओर रहते हैं। वह इधर बाजार, इलाज और मजदूरी करने पटरा पार करके आते हैं, क्योंकि जो डायवर्टर मार्ग है, 30 किलोमीटर अधिक दूरी तय करने के बाद लोग दूसरी ओर आ सकते हैं। जानकारी के अनुसार सोन नदी के ऊपर बने यह पुल का निर्माण 1980 में शुरू हुआ था और 1986 में पूरा हो गया था, समय-समय पर इसमें मरम्मत का कार्य करना था, लेकिन स्थानीय लोगों का आरोप है कि विभाग ने इस पर कोई विशेष ध्यान नहीं दिया जिसकी वजह से यह छतिग्रस्त हो गया।

### इनका कहना है

जल्द ही मरम्मत का कार्य पूर्ण हो जाएगा, लापरवाही अगर हो रही है तो, हम इसे दिखवाते है।

**अवधेश कुमार स्वर्णकार**
**प्रबंधक एमपीआरडीसी, शहडोल**

## आधार बायोमैट्रिक क्लोनिंग का प्रयोग कर बना आरक्षक

### फर्जीवाड़ा सामने आने के बाद फरार हुआ आरक्षक

शहडोल। पुलिस आरक्षक भर्ती में बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़े का मुद्दा गर्म है, जिले में एक आरक्षक की पोस्टिंग हुई, लेकिन वह अब फरार हो गया है। आरोपी मनीष गुर्जर, जो कि डबरा का निवासी है, उसने आधार बायोमैट्रिक क्लोनिंग का प्रयोग कर दूसरे व्यक्ति के माध्यम से पुलिस आरक्षक की परीक्षा पास की। यह मामला तब उजागर हुआ जब पुलिस मुख्यालय ने सभी आरक्षकों के दस्तावेजों और तकनीकी पहलुओं की जांच करने के निर्देश दिए। डॉक्यूमेंट जांच में यह फर्जीवाड़ा सामने आया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी आरक्षक के विरुद्ध अपराध दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव की निगरानी में शहडोल जिले में सभी 80 आरक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया का सावधानीपूर्वक परीक्षण किया गया था। अब तक 73 आरक्षक ने जिले में ज्वाइन किया है, जबकि मनीष गुर्जर के फर्जीवाड़े का मामला सबसे गंभीर निकला। प्रारंभिक जांच के अनुसार मनीष गुर्जर ने आधार वेरिफिकेशन में धोखाधड़ी कर नौकरी प्राप्त की थी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक दीवान ने बताया, इस मामले में मनीष गुर्जर पर बीएनएस के तहत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपी फरार है और उसकी तलाश में पुलिस सक्रिय रूप से जुटी हुई है। पुलिस ने यह भी घोषणा की है कि यदि कोई मनीष गुर्जर के ठिकाने की जानकारी देता है, तो उसे दस हजार रुपये का इनाम दिया जाएगा। जिले की पुलिस अब आरोपी की तलाश में जुटी हुई है और पुलिस जनता से सहयोग की अपील कर रही है। आरोपी को पकडऩे के लिए कोतवाली में एक विशेष टीम का गठन भी किया गया है, जो आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगी हुई है।

## कैंडल मार्च निकाल कांग्रेस ने विमान हादसे में मृतकों को दी श्रद्धांजलि

शहडोल।

जिला कॉंग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता के निर्देशानुसार एवं एआईसीसी पदाधिकारी विवेक बंसल के नेतृत्व में अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में मृतकजनों को कैंडलमार्च निकलकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर एआईसीसी पदाधिकारी विवेक बंसल एवं जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता ने कहा कि यह एक बहुत ही दुखद हादसा है, ईश्वर दिवंगत जनों की आत्मा को शांति प्रदान करे व उनके परिवारजन को इस दुख को सहन करने की क्षमता प्रदान करे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि इतनी बड़ी हृदय विदारक घटना की शीघ्र जांच हो, ताकि भविष्य मे ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इस अवसर पर एआईसीसी पदाधिकारी विवेक बंसल,पूर्व राज्यसभा सांसद राजमणि पटेल, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुभाष गुप्ता,प्रदेश सचिव अजय अवस्थी,जिला मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला,पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष कुलदीप निगम,पूर्व पार्षद प्रभात पाण्डेय, ब्लॉक कांग्रेस सोहागपुर अध्यक्ष शिव शंकर शुक्ला, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष अनुपम गौतम,एनएसयूआई प्रदेश महासचिव आशीष तिवारी, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सौरभ तिवारी,पार्षद हीरालाल प्रजापती,वरुण पाल, अशोक बजाज, प्रीतम दास सोनी,ब्लॉक अध्यक्ष गोहपारू दल प्रताप सिंह, आदिवासी कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रेमधारी सिंह मार्को, निशांत जोशी, रविंद्र मणि शुक्ला, महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती संध्या सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष आजाद बहादुर सिंह, प्रवीण सिंह,शुभम सोंधिया, आशीष द्विवेदी, गौरव मिश्रा, शिवांशु साहू, दीपांशु गुप्ता,आशु सिंह,कृष्णा सिंह,पारस प्रवीण,ओम साहू अजिला सचिव शोएब अंसारी, संजय चौरसिया, पार्षद उर्मिला चौधरी,जय करण सिंह, दामोदर बैगा अजय सनपाल, राजेश यादव, रामबाबू, शेखआबिद एवं भारी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।




## राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने की तालाब की सफाई



शहडोल।

पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा रविवार को नगर की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर माने जाने वाले मोहन राम तालाब में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य न केवल तालाब परिसर को स्वच्छ और सुंदर बनाना था, बल्कि समाज में पर्यावरणीय चेतना और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को भी जागृत करना था। प्रातः 6 बजे से प्रारंभ हुए इस अभियान में विश्वविद्यालय की रासेयो इकाई के लगभग 20 से अधिक स्वयंसेवकों ने भाग लिया। रासेयो बैज धारण किए स्वयंसेवकों ने तालाब परिसर में फैले प्लास्टिक, सूखी पत्तियाँ, अपशिष्ट पदार्थों को समेटकर व्यवस्थित तरीके से निस्तारित किया। इस दौरान स्वच्छता के नारों से समूचा वातावरण गूंज उठा स्वच्छता है सेवा, हम सबका सपना- स्वच्छ हो अपना भारत आदि।

इस स्वच्छता के भाव को बनाए रखने के लिए एवं मोहन राम तालाब के वातावरण को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाए रखने की दिशा में एनएसएस इकाई द्वारा एक और पहल की जा रही है। आगामी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रासेयो पाठशाला तथा स्वयंसेवकों के साथ मिलकर तालाब परिसर में योग अभ्यास एवं ध्यान सत्र का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य शारीरिक, मानसिक और पर्यावरणीय स्वास्थ्य के बीच संबंध को जनमानस तक पहुँचाना है।

इसी के साथ रासेयो इकाई आम जनमानस से यह अपील करती है कि वे मोहन राम तालाब जैसी ऐतिहासिक धरोहर को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करें। वहाँ कचरा न फेंकें और स्वच्छता के इस सामूहिक प्रयास में सहभागी बनें। यह प्रयास न केवल वातावरण को स्वच्छ बनाएगा, बल्कि जल स्त्रोतों की रक्षा कर जल जीवन के संरक्षण में भी अहम भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ज्योति सिंह के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ दलनायक श्रुति तिवारी के नेतृत्व में यह कार्य किया गया। स्वयंसेवक सुचिता तिवारी, उत्तरा विश्वकर्मा, जय राज रजक, प्रीति विश्वकर्मा, मनीष सिंह, मनोज अहिरवार, साक्षी माहरा, अनुज, अंजली, आदि स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## तालाब पाटकर भूमाफिया कर रहा कॉलोनी का निर्माण

### निजी भूमि में कर रहे सडक़ निर्माण, भूमाफिया के विरुद्ध मामला दर्ज करने की मांग

शहडोल।

जिले के ब्योहारी क्षेत्र में नगरिया मंदिर के पीछे तालाब को पाटकर उसकी मेढ़ में सडक़ बनाये जाने को लेकर बगल में रहने वाले विद्याधर पांडेय पिता सरयू प्रसाद पाण्डेय निवासी वार्ड क्रमांक 11 ने एसडीएम, तहसीलदार सहित थाना प्रभारी को शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है। शिक़ायत में विद्याधर पांडेय ने राजू सोनी, राजू द्विवेदी, पिंटू उर्फ ओमप्रकाश सोनी , जयपाल सिंह, अवधेश द्विवेदी द्वारा फरियादी की ग्राम ब्योहारी की आराजी खसरा नंबर 1455, 1456 में जबरन सडक़ निर्माण किया जा रहा है। आराजी खसरा नंबर 1455 रकवा 0.918 हेक्टेयर एवं आराजी खसरा नंबर 1456 रकबा 0.235 हेक्टेयर मेरे पूर्वजों की अर्जित संपत्ति है। जो मेरे पिता स्वर्गीय सरयू प्रसाद की मृत्यु के बाद हिस्सा बांट में मुझे मिली थी , 12 जून से उक्त व्यक्तियों राजू सोनी, राजू द्विवेदी, ओमप्रकाश सोनी उर्फ पिंटू, जयपाल सिंह, अवधेश द्विवेदी द्वारा जेसीबी मशीन, ट्रैक्टर व हाईवा वाहनों का उपयोग करते कर जबरन मेरे आराजी मेढ़ पर कब्जा करते हुए रोड बनाई जा रही है। रोड की ऊंचाई लगभग 5 फीट मिट्टी डाल, ऊंची कर दी गई है। जिस कारण उक्त आराजी से लगी पूरी बस्ती भी डूब से प्रभावित हो सकती है। जिसमें लगभग 50 परिवार निवासरत हैं। तहसीलदार, एसडीएम व सीएमओ द्वारा निरीक्षण भी किया जा चुका है व हल्का पटवारी भी सम्पूर्ण स्थित से अवगत हैं। फरियादी ने उक्त लोगों विरूद्ध कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

## चोरों ने लाखों रूपए के जेवरात किये पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



कुठला थाना क्षेत्र अंतर्गत कैलवारा कला में चोरो ने एक घर को निशाना बनाया और लाखों के जेवरात लेकर चंपत हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौका मुआयना किया। चोरों की पतासाजी का प्रयास किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार कुठला थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम केलवारा कला स्थित सीआईएसएफ जवान के मकान मे धावा बोलते हुए चोरों ने कमरे का ताला तोड़कर वहां मौजूद लगभग 2 किलो चांदी एवं 300 ग्राम सोने के जेवरात पार कर दिए। पीड़ित उर्मिला देवी पटेल ने बताया कि उनके पति रीवा में पदस्थ हैं। केलवाराकला स्थित आवास में वे अपनी सास के साथ रहती हैं। बहू जयपुर में रहती है और बेटा बहू के पास जयपुर चला गया था। बीती रात बहू के कमरे में ताला बंद कर वे सास के साथ सो रही थी। सुबह जब उठकर देखा तो बहू के कमरे का ताला टूटा था और अलमारी में रखे सारे जेवर गायब थे।

उर्मिला देवी पटेल ने बताया कि उनके पुत्र का विवाह 15 फरवरी 2025 को हुआ था। शादी में वर एवं वधु दोनों ही पक्ष के द्वारा वैवाहिक जोड़े को उपहार स्वरूप सोने चांदी के जेवरात प्रदान किए गए थे। शादी में मिले सारे जेवर अलमारी में रखे थे।

## रीजनल अस्पताल कॉलोनी में आवास हथियाने रचा

शहडोल।

एसईसीएल के रीजनल अस्पताल कालोनी धनपुरी के आवास को अपने चहेते कर्मचारी को दिलवाने के लिए प्रबंधन स्वयं षडयंत्र में शामिल हो कर अवैध कृत्य को अंजाम दिया, एक कर्मचारी जिसे कंपनी ने रीजनल अस्पताल कालोनी धनपुरी में 'बी'टाइप आवास दिया है , उक्त आवास में वह कर्मचारी लगभग 20-25 वर्षो से निवास कर रहे हैं और अभी उनकी नौकरी 3-4 साल बाकी है, प्रबंधन अपने चहेते कर्मचारी के प्रभाव या आर्थिक दबाव में आकर गैरकानूनी कार्य को अंजाम देने मे शामिल हो गया और 14 जून को अमलई ओसीएम के कार्मिक प्रबंधक, कुछ सुरक्षा कर्मियों और रीजनल कालोनी के कर्मचारी सहित कुछ अन्य लोगो को लेकर रीजनल अस्पताल कालोनी के उक्त आवास में घुस गये और अपने चहेते कर्मचारी को बोले अपना ताला लगा लो, यह क्वार्टर खाली पड़ा है।

कार्मिक प्रबंधक के इशारे पर एक कर्मचारी मोबाइल पर कमरे और आवास की फोटो, वीडियो बनाने लगा, कार्मिक प्रबंधक जोर-जोर से चिल्ला-चिल्ला कर बार-बार कह रहे थे, क्वार्टर तो खाली पड़ा है। क्वार्टर चाहने वाले कर्मचारी और अधिकारी ने रात में ही उक्त आवास का सामान ग़ायब करवा दिया और सुबह चहेते कर्मचारी को आवास दिलवाने रीजनल अस्पताल कालोनी धनपुरी आ धमके। आवास दिलवाने के नाम पर हजारों रुपए लेने की भी चर्चा जोरों से है। कार्मिक प्रबंधक कितने जिम्मेदार हैं कि एक यूनियन के 11 जून की हड़ताल की नोटिस पर आज तक कोई पत्राचार यूनियन से नहीं किया। हड़ताल हो जाये, खदान बन्द हो जाये, कार्मिक प्रबंधक का कोई नुक्सान नहीं होने वाला है, व्यक्तिगत लाभ के कारण गैरकानूनी तरीके से कर्मचारी के आवास में घुस गये, पता चला है कि इस कार्य को करने के लिए इन्होंने किसी वरिष्ठ अधिकारी से कोई आदेश भी नहीं लिया और अपने मातहत कर्मचारियों को लेकर गैरकानूनी कार्य को अंजाम देने पहुंच गए, खबर है कि इस गैरकानूनी कार्य में इन्होंने पुलिस अधिकारी को भी लपेटने का प्रयास किया था, परन्तु पुलिस के अधिकारी ने साफ मना कर कह दिया कि ताला तोडऩे या इस प्रकार के काम के लिए आप को न्यायलय का आदेश लाना होगा, उसके बाद भी कार्मिक प्रबंधक द्वारा गैरकानूनी कार्य को किया । चर्चा है कि पीड़ित कर्मचारी जिसका जबरिया मकान खाली कराया गया है।

## खबर संक्षेप



### रेत माफिया ने ग्रामीण को दी ट्रैक्टर से कुचलने की धमकी

**अनूपपुर।** फुनगा चौकी अंतर्गत छिल्पा गांव में रेत माफिया का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। ताजा मामले में बीरबल साहू नामक ग्रामीण को नवीन रजक द्वारा कथित रूप से ट्रैक्टर से कुचल देने की धमकी दी गई। यह धमकी उस वक्त दी गई जब ग्रामीणों ने रेत के अवैध परिवहन का विरोध किया। ग्रामीणों के अनुसार, रेत माफिया इलाके में खुलेआम अवैध रेत परिवहन कर रहे हैं और विरोध करने वालों को खुलेआम धमकाया जा रहा है। बीरबल साहू द्वारा मामले की लिखित शिकायत फुनगा चौकी में की गई है, जिसमें उन्होंने अपनी जान को खतरा बताया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही इस पर पुलिस प्रशासन एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा कड़ी कार्यवाही नहीं की गई, तो स्थिति और भी गंभीर हो सकती है। रेत माफिया दबंगई पर उतारू है। अब तो हमें ट्रैक्टर से कुचलने तक की धमकियां दी जा रही हैं। हम प्रशासन से सुरक्षा और न्याय की मांग करते हैं। अब देखना यह है कि पुलिस प्रशासन और जिले के पुलिस अधीक्षक इस गंभीर शिकायत पर कितनी तत्परता और गंभीरता से कार्यवाही करते हैं।

### जिले में 1320 मेगावाट ताप विद्युत परियोजना को प्रभावित किसानों और ग्रामीणों की स्वीकृति

**अनूपपुर।** जिले के ग्राम रक्शा एवं कोलमी में प्रस्तावित 1320 मेगावाट की न्यू जोन प्राइवेट लिमिटेड ताप विद्युत परियोजना को लेकर जिले में ऐतिहासिक मोड़ आया, जब त्रिस्तरीय संयुक्त बैठक में ग्रामीणों, प्रशासन और कंपनी प्रतिनिधियों के बीच समन्वय और सहमति का एक दुर्लभ उदाहरण देखने को मिला। बैठक का आयोजन ग्राम रक्शा एवं कोलमी की 476.788 हेक्टेयर निजी भूमि पर प्रस्तावित परियोजना की रूपरेखा के तहत किया गया। इसमें अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पांडेय, एसडीएम कमलेश पुरी, नायब तहसीलदार चक्रवर्ती, और न्यू जोन कंपनी के वाइस प्रेसिडेंट सुधाकर पांडेय व सुशील कांत मिश्रा सहित सैकड़ों की संख्या में प्रभावित किसान, सरपंचगण और मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे। विकास और विश्वास की नींव पर संवादअपर कलेक्टर पांडेय ने स्पष्ट कहा कि यह परियोजना अनूपपुर के औद्योगिक भविष्य को नई दिशा देगी, लेकिन इस विकास में ग्रामीणों के हक़ और हित सर्वोपरि रहेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार की नीति पारदर्शी है और प्रशासन यह सुनिश्चित करेगा कि हर पात्र हितग्राही को न्याय मिले। एसडीएम कमलेश पुरी ने बैठक को साझा संवाद का माध्यम बताते हुए सभी पक्षों से सहयोग की अपेक्षा जताई। उन्होंने ग्रामीणों की हर मांग को गंभीरता से सुना और त्वरित कार्यवाही का भरोसा दिलाया। ग्रामीणों की मांगें और जनभागीदारीबैठक में ग्राम पंचायत रक्शा के सरपंच सहित अमोल सिंह, चक्रधर मिश्रा, आदित्य राठौर, प्रीतम सिंह, अशोक मिश्रा, देवघर मिश्रा, कैलाश साहू एवं अन्य प्रभावित किसानों ने कंपनी से यह सुनिश्चित करने की मांग की कि भूमि देने वाले प्रत्येक परिवार को उनकी योग्यता के अनुसार निश्चित समय-सीमा में रोजगार मिले और मुआवजा राशि जमीन के अनुपात में पारदर्शी तरीके से दी जाए।कोलमी पंचायत के नरेंद्र राठौर बालेश्वर, रामस्वरूप उपाध्याय, लालमणि सहित गांव के प्रभावित किसानों सहित सरपंच कोलमी ने प्रस्ताव दिया कि मुआवजा राशि का वितरण ग्राम सभा के माध्यम से पारदर्शिता के साथ हो, जिससे ग्राम समुदाय की सहभागिता भी सुनिश्चित हो सके।ग्रामीणों की प्रमुख मांगों में CSR फंड का प्राथमिक उपयोग रक्शा-कोलमी के समग्र विकास हेतु,4 लाख की एकमुश्त सहायता राशि पूर्व में दी गई राशि का समायोजन करते हुए एवं 1 लाख की किश्तों में भुगतान (50,000 × 2) का भुगतान इस प्रकार कम्पनी द्वारा कुल पांच लाख रुपए निर्धारित समय सीमा में कराया जाये।

# विकास के कोरे कागजी घोड़े दौड़ा रही न्यू जोन पॉवर कंपनी

## किसानों, भू मालिकों की बिना सहमति के मनमानी पर उतारू न्यू जोन

### अविश्वास की नींव पर कैसे स्थापित होगा प्लांट

### 350 पात्र लोगो में से 15-20 लोगों को बैठक में बुलाकर कर ली कर्तव्यों की इतिश्री

हरिभूमि न्यूज, अनूपपुर।

लगभग 15 साल पहले जिले के जैतहरी जनपद अन्तर्गत रक्सा, कोलमी में 1320 मेगावाट ताप विद्युत परियोजना हेतु न्यू जोन कंपनी ने औने पौने दाम में किसानों की बेशकीमती जमीनें खरीदीं और अब मनमाने तरीके से स्थानीय किसानों, प्रभावितों को दरकिनार करके सेटिंग और छल बल के बूते आधी - अधूरी जन सुनवाई का कोरम पूरा करके पावर प्लांट स्थापित करना चाहते हैं। न्यू जोन कंपनी के स्थानीय अधिकारियों की मनमानी कार्यशैली से लोगों में व्यापक आक्रोश है। सभी जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और कुछ पत्रकारों को जेब में रखने का दावा करते कंपनी के लोग स्थानीय प्रभावितों के हितों को तिलांजलि देते दिख रहे हैं। न्यू जोन कंपनी प्रभावित किसानों और ग्रामीणों की स्वीकृति और सहमति के बिना विकास और रोजगार के कागजी दावे कर रही है।



#### अविश्वास की नींव पर कैसे स्थापित होगा प्लांट

अपर कलेक्टर पांडेय ने दावा किया कि यह परियोजना अनूपपुर के औद्योगिक भविष्य को नई दिशा देगी, लेकिन इस विकास में ग्रामीणों के हक़ और हित सर्वोपरि रहेंगे। लेकिन उन्होंने यह आवश्यक नहीं समझा कि महत्वपूर्ण बैठक की पारदर्शिता बनाए रखने के लिये स्थानीय लोगों का विश्वास मजबूत किया जाए। एसडीएम कमलेश पुरी ने बैठक को साझा संवाद का माध्यम बताते हुए सभी पक्षों से सहयोग की अपेक्षा तो की लेकिन उन्होंने ग्रामीणों की बातों को गंभीरता से सुन कर उसे कार्यवाही में लेना आवश्यक नहीं समझा। जिसके कारण उपस्थित लोगों मे नाराजगी दिखी।

#### अपनों के बीच बंद कमरे में त्रि स्तरीय बैठक

जिले के ग्राम रक्शा एवं कोलमी में प्रस्तावित 1320 मेगावाट प्लांट की स्थापना के लिये न्यू जोन प्राइवेट लिमिटेड ताप विद्युत कंपनी के स्थानीय अधिकारियों ने कलेक्ट्रेट सभागार में ग्रामीणों, प्रशासन और कंपनी प्रतिनिधियों के बीच समन्वय और सहमति बनाने के लिये त्रि स्तरीय बैठक की असफल कोशिश की गयी।बंद कमरे में आयोजित इस महत्वपूर्ण बैठक में अपर कलेक्टर दिलीप पाण्डेय, एसडीएम कमलेश पुरी के अतिरिक्त जिले का और प्रभावित क्षेत्र का एक भी जिम्मेदार व्यक्ति उपस्थित नहीं था। बैठक की गोपनीयता बनाए रखने के लिये जिला मुख्यालय में उपस्थित वरिष्ठ पत्रकारों और जन संपर्क विभाग को दूर रखा गया। कतिपय लोगों द्वारा कंपनी के पक्ष में एकतरफा समाचार बना कर जन संपर्क विभाग से जारी करवाने की असफल कोशिश की गयी। आरोप लगाए गये हैं कि जब विभाग ने ऐसा करने से मना कर दिया तो मनमाने तरीके से कुछ समाचार पत्रों और पोर्टल पर खबरे प्रकाशित करवाई गयीं। इसे लेकर स्थानीय लोगों में चर्चा का बाजार गर्म है। एक कमरे में की गयी बैठक, जिसमें न्यू जोन कंपनी के वाइस प्रेसिडेंट सुधाकर पांडेय, सुशील कांत मिश्रा और उनके कारिंदे मौजूद थे, उनके द्वारा जारी समाचार में सैकड़ों की संख्या में प्रभावित किसान, सरपंच गण और मीडिया प्रतिनिधि उपस्थिति का फर्जी आंकडा प्रस्तुत किया गया। बैठक में प्रभावित किसानों, जमीन मालिकों और जनपद, जिला पंचायत के प्रतिनिधियों, विधायक, सांसद, पत्रकारों की अनुपस्थिति से सवाल उठ खडे हुए।

#### ग्रामीणों की बातें कर दी अनसुनी

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बैठक में ग्राम पंचायत रक्शा के सरपंच सहित, अमोल सिंह, चक्रधर मिश्रा, आदित्य राठौर सहित अन्य प्रभावित किसानों ने कंपनी से यह सुनिश्चित करने की मांग की कि भूमि देने वाले प्रत्येक परिवार को उनकी योग्यता के अनुसार निश्चित समय-सीमा में रोजगार दिया जाए और मुआवजा राशि जमीन के अनुपात में दिया जाए। कोलमी पंचायत के नरेंद्र राठौर, बालेश्वर, रामस्वरूप उपाध्याय, लालमणि सहित गांव के प्रभावित किसानों और सरपंच कोलमी ने प्रस्ताव दिया कि मुआवजा राशि का वितरण ग्राम सभा के माध्यम से पारदर्शिता के साथ हो।वहीं दूसरी ओर ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि दो गांव के 191 खातेदारों प्रभावित हैं और उनमें सह खाते दार सहित 350 पात्र लोगो में से 15-20 लोगों को बैठक में बुलाकर अधिकारी और कंपनी के लोगों ने स्थानीय सहभागिता को शून्य कर दिया। चंद जो लोग उपस्थित थे उनकी बातों को भी तवज्जो नहीं दी गयी।

#### इधर जवाब से बचते नजर आये मैनेजर

न्यू जोन कंपनी के मैनेजर सुधाकर पांडेय ने दावा किया कि यह परियोजना सिर्फ पावर प्लांट नहीं, बल्कि अनूपपुर का भविष्य है। लेकिन जब उनसे यह पूछा गया कि अनूपपुर के इस भविष्य को 15 साल अंधेरे में क्यों रखा गया तो वे बगले झांकते नजर आए।यहां यह विशेष उल्लेखनीय है कि अनूपपुर जिला जनजातीय बहुल छत्तीसगढ़ से लगा सीमावर्ती जिला होने के कारण अत्यंत संवेदनशील माना जाता है। यहां पिछले कुछ वर्षो मे लोगों को भीड की शक्ल देकर कानून व्यवस्था बिगाड़ने की बहुत सी कोशिशें हुई हैं। मोजर बेयर पावर प्लांट की स्थापना से पूर्व पुलिस अधीक्षक, एसडीएम, तहसीलदार सहित बहुत से अधिकारियों पर प्राणघातक हमले हुए, फायरिंग तक हुई। प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार, स्वतंत्र प्रभार मंत्री दिलीप जायसवाल, सांसद हिमाद्री सिंह, कोल विकास प्राधिकरण अध्यक्ष रामलाल रौतेल, विधायक बिसाहूलाल सिंह, कलेक्टर हर्षल पंचोली, पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान को यह देखना होगा कि चंद मौकापरस्त गैर जिम्मेदार लोगों की करतूत का खामियाजा अनूपपुर जिले को ना भोगना पड़े।



# अनूपपुर में इस्कॉन पहली बार आयोजित कर रहा भव्य जगन्नाथ यात्रा

## 5 जुलाई को होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

इस्कॉन अनूपपुर केंद्र के प्रभारी चैतन्य मनोहर दास ने बताया कि बताया कि विगत दिनों श्री जगन्नाथ रथ यात्रा के आयोजन संबंधित बैठक इस्कॉन केंद्र में आयोजित की गई। जिसमें रथ यात्रा के सफल आयोजन हेतु विचार विमर्श किया गया। बैठक में रथ यात्रा के मार्ग का निर्धारण किया गया।भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा शिव मारुति मंदिर, सामतपुर से प्रारंभ होकर बस स्टैंड,आदर्श मार्ग, स्टेशन चौक, राम जानकी मंदिर, गुरुद्वारा रोड, पीएचई ऑफिस, अंडर ब्रिज, स्मार्ट सिटी से होते हुए उत्कृष्ट विद्यालय अनूपपुर के मैदान में समाप्त होगी। रथ यात्रा लगभग 1 बजे से प्रारंभ होगी और रथ यात्रा के साथ हरिनाम संकीर्तन,भक्तों के द्वारा नृत्य, महाप्रसाद वितरण होगा। उत्कृष्ट विद्यालय मैदान रथयात्रा समापन कार्यक्रम में पहले भगवान जगन्नाथ को छप्पन भोग लगाया जाएगा। जिसके लिए स्थानीय निवासी भगवान जगन्नाथ के लिए सात्विक भोग जिसमें कच्चा भोजन और मिष्ठान इत्यादि जो कुछ भी वक्त भगवान को अर्पित करना चाहे ला सकते हैं। छप्पन भोग के पश्चात भगवान जगन्नाथ की आरती होगी और वरिष्ठ भक्तों के द्वारा भगवान जगन्नाथ की कथा, भजन कीर्तन एवं फिर सभी के लिए महाप्रसाद की व्यवस्था होगी। इस आयोजन के लिए सभी अनूपपुर एवं निकट के ग्रामों में बृहद रूप से प्रचार प्रसार किया जाएगा।रथ यात्रा के लिए बृहद स्तर पर स्थानीय निवासियों और सामाजिक संगठनों से संपर्क कर सहयोग का आग्रह किया जा रहा है।

## शराब ठेकेदार के गुर्गों का आतंक

# बोलेरो गाड़ी से कुचल कर मार डालने का प्रयास





### खाना खाने आये एक व्यक्ति को मरणासन्न हालत मे पहुंचाया आक्रोशित क्षेत्रवासियों को पुलिस ने दिया कड़ी कार्यवाही का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज कोतमा।

हमेशा ही विवादों एवं सुर्खियों में रहने वाले कोतमा के शराब माफिया के गुर्गों ने शनिवार की रात को फिर नया बवाल मचाते हुए हिट एंड रन की तर्ज में शुक्ला ढाबा के सामने खड़े एक दर्जन से ज्यादा लोगों को बिना नंबर एवं काली फिल्म चढ़ी बोलेरो गाड़ी से कुचल कर मार डालने का प्रयास किया गया। अचानक हुई उक्त घटना से सनसनी मच गई। वीडियो फुटेज में आरोपी चालक द्वारा तीन से चार बार गाड़ी को आगे पीछे करते हुए कई लोगों पर गाड़ी को कुचलने के प्रयास किया। बोलेरो गाडी में 23 वर्षीय युवक अमन नामदेव को कुचलकर 50 मीटर तक घसीट कर कुचला गया। बड़ी वारदात को अंजाम देने के बाद अपराधी बोलरो सहित फरार गए। मामले में पुलिस ने रातभर चलाए सर्च ऑपरेशन के बाद शहडोल के पास नाकाबंदी करते हुए वाहन को जप्त करते हुए दो से तीन बदमाशों को अभिरक्षा में लेकर कड़ाई से पूछताछ कर रही है। मामले में वाहन चालक एवं अन्य लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास की धारा 109, 296 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। घटना के बारे में बताया जाता है कि आधी रात के आसपास दो पहिया मोटर साइकिल से शराब ठेकेदार के कर्मचारी पान दुकान में कुछ सामान मांगे जिस दुकानदार के द्वारा मना करने पर विवाद करने लगे। ढाबा मालिक के द्वारा समझाइश देकर चले जाने को कहा गया। गाली गलौज एवं विवाद कर रहे लोगों के द्वारा फोन करके अन्य माफियाओं को बुला लिया गया। कुछ ही देर में काली फिल्म, फाग लाइट लगी बोलेरो गाड़ी में लाठी डंडे से लैस होकर पहुंचे बदमाशों द्वारा अश्लील गाली गलौज करते हुए ढाबा संचालक प्रकाश शुक्ला एवं अन्य लोगों को गाड़ी से कुचलने का प्रयास करने लगे। कई बार गाड़ी को आगे पीछे लाकर रौंदने के दौरान खाना खाने आए अमन नामदेव 23 पिता बालमुकुंद पुरानी बस्ती वार्ड 5 चपेट में आ गया जो गाड़ी में घसीटकर दूर तक चला गया। गाड़ी में फंसकर रोड में कुचलने से लहू लुहान हो गया।

#### कड़ी कार्यवाही का पुलिसिया आश्वासन

घटना के बाद देर रात को ही लोगों का आक्रोश बढ़ने लगा घटना की सूचना पर पुलिस भी रात में पहुंचकर घायलों के उपचार व आरोपियों के पता तलाश में जुट गई। रविवार की सुबह आक्रोशित लोगों के द्वारा शराब दुकान के सामने प्रदर्शन करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी एवं कड़ी कार्यवाही की मांग करने लगे। नागरिकों ने आरोप लगाया के शराब ठेकेदार के द्वारा पूरे क्षेत्र में बिना नंबर एवं काली फिल्म लगी गाड़ियों से आए दिन विवाद करते रहते हैं। सूचना पर थाना प्रभारी एवं पुलिस टीम द्वारा पहुंचकर समझाइश दी गई एवं कड़ी कार्यवाही का आश्वासन दिया गया जिसके बाद नागरिक शांत हुए। शनिवार की रात हुई घटना के बाद सुबह से ही शराब दुकान बंद रही जो दोपहर के बाद कर्मचारियों के द्वारा शराब दुकान को खोला गया। लोगों का आरोप था कि पिछले दो माह के दौरान शराब माफियाओं के गुर्गों द्वारा काली फिल्म, हूटर व फ़ाग लाइट लगाकर आए दिन हंगामा करते हुए लोगों को डराते धमकाते रहते हैं।

#### मरणासन्न हालत में घायल युवक

एमआरपी से अधिक रेट पर भी शराब बेची जाती है। शराब ठेकेदार के द्वारा दो दर्जन से ज्यादा लोगों को बिना मुसाफिर दर्ज कराए कोतमा थाना अंतर्गत रखा गया है जिसकी जानकारी किसी को नहीं है। इतनी बड़ी वारदात के बाद भी आरोपी के नाम को लेकर किसी को मालूम नहीं है। घायल के परिजनों का आरोप है कि मामले में हिट एंड रन की धारा लगाई जाए साथ में सभी कर्मचारियों का वेरिफिकेशन कर गाड़ियों में लगी फिल्म, हूटर एवं फाग लाइट हटवाते हुए सख्त कार्यवाही की जाए। घायल अमन नामदेव मरणासन्न हालत में है। जिसका प्राथमिक उपचार कोतमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में करने के बाद जिला अस्पताल, मेडिकल कॉलेज के बाद जबलपुर ले जाया गया है। घायल के सीने, कमर, चेहरा, हाथ, पांव सहित अन्य हिस्सों में गंभीर चोट आई है जिसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों से पूरे मामले को लेकर पूछताछ जारी है। पुलिस टीम द्वारा दो से तीन बार घटना स्थल ढाबा पहुंच वीडियो फुटेज के आधार पर सभी आरोपियों की पहचान कर रही है। मामले में अब तक एक दर्जन से ज्यादा लोगों की बयान भी दर्ज किए गए है।

#### इनका कहना है

सूचना पर तत्काल घटना स्थल पहुंच आरोपियों की तलाश प्रारंभ कर दी गई है। कुछ आरोपियों को अभिरक्षा में लेकर कड़ाई से पूछताछ की जा रही है। वाहन भी जप्त कर लिया गया है।

**रत्नांबर शुक्ला**
**थाना प्रभारी कोतमा**

# संगठन सृजन अभियान की बैठक पुष्पराजगढ़ में संपन्न



हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

संगठन सृजन अभियान के तहत 15 जून को पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के स्व- सहायता समूह भवन राजेन्द्रग्राम में ब्लॉक कांग्रेस कीमहत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसका उद्देश्य पार्टी को मजबूत बनाना और जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं को जोड़ना है। बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के केंद्रीय पर्यवेक्षक अशोक अर्जुनराव जगताप विधायक महाराष्ट्र विधान परिषद के साथ ही प्रदेश कांग्रेस द्वारा नियुक्त ऑब्जर्वर रश्मि पटेल, विभाष जैन के साथ ही अनूपपुर जिला प्रभारी सुखेंद्र सिंह बन्ना, पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक फुन्देलाल सिह मार्को और समस्त ब्लाक अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष, बी एल ओ, कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। सर्वप्रथम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, डा.भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विधायक फुन्देलाल सिह मार्को द्वारा केन्द्रीय पर्यवेक्षक अशोक अर्जुनराव जगताप को साल, श्री फल भेंट कर सम्मानित किया गया। उन्होंने पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों पर चर्चा की और कार्यकर्ताओं ने पार्टी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। अब कांग्रेस का फोकस पूरी तरह संगठन को मजबूत करने पर है। भाजपा जैसी जनविरोधी पार्टी को उखाड़ फेंकने के लिए कांग्रेस संगठन के बल पर जनता के बीच जाएगी। राहुल गांधी संगठन को नए सिरे से खड़ा करने की दिशा में मजबूती से कार्य कर रहे है।

# चार हाथियों का समूह पहुंचा जैतहरी



हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

चार हाथियों का समूह 14 दिन बाद एक बार फिर छत्तीसगढ़ राज्य के मरवाही वन परिक्षेत्र, वन मंडल के सिवनी बीट के जंगल में दिनभर विश्राम करने बाद देर 14 जून की शाम मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिला अंतर्गत जैतहरी तहसील, थाना एवं वन परिक्षेत्र के ग्राम पंचायत एवं ग्राम चोलना में गूजर नाला पार कर प्रवेश कर विचरण कर रहे है हाथियों के आने की संभावना पर चोलना सहित आसपास के ग्रामीण हाथियों के साथ हैं वहीं वनविभाग के अधिकारी कर्मचारी हाथियों पर निगरानी रखते हुए ग्रामीणों को सतर्क एवं सावधान रहने की अपील की है, चारों हाथी वर्तमान समय ग्राम पंचायत चोलना के बचहाटोला में विचरण कर रहे हैं।